दिनांकः 21.07.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- संसद के कल से शुरू हो रहे बजट सत्र से पहले केन्द्र सरकार ने आज बुलाई सर्वदलीय बैठक।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में विश्व विरासत समिति के 46वें सत्र का करेंगे उद्‌घाटन–भारत कर रहा है पहली बार मेज़बानी।
- राज्य सरकार ने रामगढ़ बांध क्षेत्र में अतिक्रमण के सर्वे के लिए टीम गठित करने के दिये निर्देश।
- गुरू पूर्णिमा पर्व पर आज विभिन्न धार्मिक आयोजन–शिष्य कर रहे हैं गुरुओं का वंदन।

................

केन्द्र सरकार ने कल से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक के दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी विपक्षी दलों से सहयोग का अनुरोध करेगी। बजट सत्र अगले महीने की 12 तारीख तक चलेगा। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को लोकसभा में आम बजट पेश करेंगी। नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह पहला बजट होगा। इस बजट सत्र में सरकार छह नए विधेयक पेश कर सकती है। पिछले महीने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा था कि कि इस बार का बजट सरकार की दूरगामी नीतियों और भविष्य के दृष्टिकोण का प्रभावी दस्तावेज होगा।

................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम नई दिल्ली के भारत मंडपम में विश्व विरासत समिति के 46वें सत्र का उद्‌घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री सभा को भी संबोधित करेंगे। श्री मोदी ने विश्व विरासत समिति की बैठक की मेजबानी भारत को मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा है कि वे आज के कार्यक्रम के प्रति उत्सुक है। भारत, पहली बार विश्व विरासत समिति की बैठक की मेज़बानी कर रहा है। बैठक इस महीने की 31 तारीख तक जारी रहेगी। विश्व विरासत समिति की बैठक वर्ष में एक बार होती है और यह विश्व विरासत से संबंधित सभी मामलों के प्रबंधन और विश्व विरासत सूची में शामिल किए जाने वाले स्थलों पर निर्णय लेती है। इस दौरान विश्व धरोहर सूची में नए स्थलों को निर्धारित करने, 124 मौजूदा विश्व धरोहर संपत्तियों की संरक्षण स्थिति रिपोर्ट, अंतर्राष्ट्रीय सहायता और विश्व धरोहर निधि के उपयोग सहित अन्य प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी।

................

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि सरकार ने पीएम–स्वनिधि योजना के अंतर्गत रेहड़ी–पटरी वालों को लगभग 8 हजार 600 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया है। नई दिल्ली में कल भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण के रेहडी–पटरी वालों के लिए प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम में श्री नड्डा ने यह बात कही। इस अवसर पर उन्होंने रेहडी–पटरी वालों के लिए खाद्य सुरक्षा पोर्टल और दिशानिर्देश जारी किए। श्री नड्डा ने प्राधिकरण को रेहडी–पटरी वालों के लिए सौ रुपये का पंजीकरण शुल्क माफ करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण अगले एक वर्ष में एक लाख रेहडी–पटरी वालों को प्रशिक्षित करेगा।

................

सीबीआई ने, स्नातक मेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा–नीट पेपर लीक मामले में, तीन और लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो व्यक्ति भरतपुर मेडिकल कॉलेज के

विद्यार्थी हैं। ये दोनों आरोपी 5 मई को आयोजित परीक्षा के दिन झारखंड के हज़ारीबाग में मौजूद थे। गिरफ्तार किया गया तीसरा व्यक्ति पेपर लीक सरगना को हर तरह की सहायता उपलब्ध करवा रहा था।

................

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक अतुल गोयल ने राजस्थान सहित गुजरात और मध्यप्रदेश में ''चांदीपुरा वायरस'' और ''एक्यूट इन्सेफलाइटिस सिंड्रोम'' मामलों की समीक्षा की है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि देशभर में एक्यूट इन्सेफलाइटिस सिंड्रोम के बहुत कम मामले संक्रामक–तत्वों के कारण हुए हैं। यह संक्रमण वायरस, बैक्टीरिया, फंगस और पैरासाइट से फैलता है। बैठक के दौरान, विशेषज्ञों ने गुजरात में संक्रमण से जुड़े मामलों के व्यापक अध्ययन की आवश्यकता पर बल दिया।

................

राज्य सरकार ने रामगढ़ बांध क्षेत्र में अतिक्रमण के सर्वे के लिए टीम गठित करने के निर्देश दिए हैं। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि बांध क्षेत्र में अतिक्रमण पाए जाने पर तत्काल ही उसे हटाने की कार्रवाई की जाएगी। श्री रावत ने बताया कि रामगढ़ बांध में भराव और बहाव क्षेत्र में अतिक्रमण के सर्वे के लिए जल संसाधन, राजस्व, जयपुर विकास प्राधिकरण और जिला कलेक्ट्रेट जयपुर के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की संयुक्त जांच टीम का गठन करने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने बताया कि संयुक्त जांच टीम जल्दी ही मौके पर जाकर क्षेत्र की मौका निरीक्षण रिपोर्ट तैयार करेगी। उन्होंने बताया कि संबंधित विभागों द्वारा जांच करवाकर कार्रवाई की अनुपालना रिपोर्ट उच्च न्यायालय को भेजी जाएगी।

................

ईडी मामलों की विशेष अदालत ने जल जीवन मिशन घोटाले से जुडे मामले में आरोपित संजय बडाया को 30 जुलाई तक जेल भेज दिया है। अदालत ने जेल प्रशासन को कहा है कि वह आरोपित को मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराए। अदालत ने आरोपित के उस प्रार्थना पत्र को भी रिकॉर्ड पर लिया है, जिसमें उसने ईडी पर डरा धमकाकर खाली कागजों पर हस्ताक्षर कराने का आरोप लगाया था।

................

आज गुरू पूर्णिमा है। इसे व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। गुरु–शिष्य परम्परा के तहत यह दिन आध्यात्मिक गुरुओं और आचार्यों को समर्पित होता है। इस अवसर पर लोग अपने गुरुओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हैं, जिन्होंने उनका पथ–प्रदर्शन किया है और जीवन को नई दिशा दी है।
गुरू पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं और अलग–अलग तरीकों से गुरु वंदन किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न सम्प्रदाय की प्रमुख गुरुपीठों और आश्रमों में व्यास पीठ पूजन तथा धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं।
सवाईमाधोपुर, बालोतरा, केकड़ी और बाडमेर में कई धार्मिक आयोजन किये जा रहे हैं। भीलवाडा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर लोगों को प्रसादी वितरण के लिए भंडारा भी लगाया गया है। हनुमानगढ में विभिन्न समाज सेवी संगठनों की ओर से पौधरोपण किया जा रहा है और पानी की प्याउ लगाई गई है। भरतपुर में शाम को बिहारी जी मंदिर में ठाकुर जी की रथ यात्रा निकाली जाएगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि शहर के विभिन्न स्थानों पर डेढ़ सौ से ज्यादा प्याउ और भंडारे लगाए गए हैं।

................

बीकानेर में सत्संग के साथ ही पौध वितरण के कार्यक्रम हो रहे हैं। अजमेर के पुष्कर में इंद्र आह्वान यज्ञ की पूर्णाहुति की जाएगी।
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री शर्मा ने कहा कि गुरु पूर्णिमा का पर्व अपने गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे जीवन में गुरुओं की उपस्थिति सूर्य के प्रकाश के समान है, जो अज्ञानता के अंधेरे को दूर कर मन, कर्म एवं वचन की एकरूपता के जरिए ज्ञान का बोध कराती है।

................

महिला एशिया कप ट्वेंटी–ट्वेंटी क्रिकेट टूर्नामेंट में आज भारत का मुकाबला संयुक्त अरब अमीरात से होगा। श्रीलंका के रनगिरि दाम्बुलिा इंटरनेशनल स्टेंडियम में खेले जाने वाला ये मैच दोपहर 2 बजे शुरू होगा। इस मैच में भारत की जीत उसका लिए सेमीफाइनल में स्थान निश्चित करेगी।

................